परिवारों के साथ संबंध बनाना

अपने समुदाय में अर्ली इअर्स लर्निंग फ्रेमवर्क को जीवंत बनाना

अर्ली इअर्स लर्निंग फ्रेमवर्क अभ्यास-आधृत संसाधन परियोजना को शिक्षा, रोजगार और कार्यस्थल संबंध विभाग (Department of Education, Employment and Workplace Relations) के माध्यम से ऑस्ट्रेलियाई सरकार द्वारा वित्त-पोषित किया गया है। ये संसाधन समुदाय बाल-देखभाल सहकारी लिमिटेड (एन एस डब्ल्यू) [Community Child Care Co-operative Ltd (NSW)] द्वारा आरंभिक बचपन के शिक्षकों को *अर्ली इअर्स लर्निंग फ्रेमवर्क* को लागू करने में समर्थन देने के लिए विकसित किए गए हैं।

विभाग के चिह्न कॉमनवेल्थ कोट ऑफ आर्म्स, ट्रेड मार्क द्वारा सुरक्षित की गई सामग्री और जहां अन्यथा नोट किया गया हो - इन अपवादों के अतिरिक्त इस दस्तावेज़ में प्रस्तुत की गई सभी सामग्री एक क्रिएटिव कॉमन्स एट्रिब्युशन 3.0 ऑस्ट्रेलिया (http://creativecommons.org/licenses/by/3.0/au/) के लाइसेंस के तहत उपलब्ध कराई गई है।

प्रासंगिक लाइसेंस की शर्तों का विवरण और सीसी बाई 3.0 एयू का पूरा कानूनी कोड (http://creativecommons.org/licenses/by/3.0/au/legalcode) क्रिएटिव कॉमन्स की वेबसाइट (दिए गए लिंक का उपयोग करके इसे देखा जा सकता है) पर उपलब्ध है।

इस दस्तावेज़ को *अर्ली इअर्स लर्निंग फ्रेमवर्क अभ्यास-आधृत संसाधन - परिवारों के साथ संबंध बनाना: अपने समुदाय में अर्ली इअर्स लर्निंग फ्रेमवर्क को जीवंत बनाना* के रूप में अभिस्वीकृत किया जाना चाहिए।

ISBN: 978-0-9873543-1-0

आरंभिक बचपन के शिक्षकों के रूप में हम जो कुछ भी करते हैं, उसके मूल में 'संबंध' निहित होते हैं।

अगर हम सकारात्मक परिणाम हासिल करना चाहते हैं, तो बच्चों, परिवारों और एक-दूसरे के साथ वास्तविक, सकारात्मक संबंध बनाना आवश्यक होता है।

जब हम संबंधों के बारे में सोचते हैं, तो आम-तौर पर हमारे मन में बच्चों के साथ बनाए गए संबंध आते हैं। लेकिन हम परिवारों के साथ जिन संबंधों और भागीदारी का निर्माण करते हैं, वे भी उतने ही महत्वपूर्ण होते हैं।

परिवारों के साथ काम करना संतोषजनक, चुनौतीपूर्ण और हमेशा सँभावनाओं से भरा-पूरा होता है।

बच्चों के लिए सबसे अच्छे परिणाम तब बन पाते हैं जब शिक्षक और परिजन एक-साथ में काम करते हैं।

> "जब छोटे बच्चों के शिक्षण को संबल देने के लिए परिवार और शिक्षक एक-साथ साझेदारी में काम करते हैं, तो बच्चे अच्छी तरह से पनप पाते हैं।"
>
> *(अर्ली इअर्स लर्निंग फ्रेमवर्क, पृष्ठ 9)*

BEN 10
ALIEN FORCE

"जब आप किसी बच्चे को स्कूल में भर्ती करते हैं, तो वास्तविक रूप में आप एक पूरे परिवार को भर्ती करते हैं" [1]।

बच्चे अकेले नहीं जीते हैं।

प्रत्येक बच्चा, सबसे पहले और सबसे महत्वपूर्ण तरीके से, एक परिवार का सदस्य होता है। माता-पिता और परिवार के अन्य सदस्य बच्चे के सर्वप्रथम और सबसे महत्वपूर्ण शिक्षक होते हैं।

जब हम किसी बच्चे के साथ काम करते हैं, तो हम उसके परिवार, और अक्सर व्यापक समुदाय के साथ भी काम कर रहे होते हैं।

हमें इस बारे में सोचना चाहिए कि हम परिवारों को अपने बच्चे के शिक्षण में शामिल होने और योगदान देने के लिए के बारे में वास्तविक अवसर कैसे प्रदान कर सकते हैं।

इस तरह की भागीदारी के पनपने से पहले हमें इस बारे में सोचना चाहिए कि अपनी गतिविधियों में हम परिवारों को एक हिस्सा महसूस करने में कैसे मदद दे सकते हैं।

[1] Intoual, A., Kameniar, B. & Bradley, D. (2009) Bottling the good stuff: stories of hospitality and yarnin' in a multi-racial kindergarten. Australasian Journal of Early Childhood Education, 34 (2), 24-30.

हमारी देखभाल में परिवार के सदस्यों के लिए अपनापन महसूस करना उतना ही महत्वपूर्ण है, जितना कि बच्चों के लिए।

अगर परिवारों को हमारी सेवा में सहज महसूस करना है, तो अपनेपन और स्वागत की भावना का होना आवश्यक है। यह और भी अधिक महत्वपूर्ण बन जाता है जब वे हमारे कार्य-कलापों में अपना योगदान देना चाहते हैं।

बच्चे अपने परिजनों द्वारा उत्तर देने के तरीके को देखकर अपना काम करने का तरीका सीखते हैं। यदि परिवारों को खुशी और अपना स्वागत महसूस होता है, तो बच्चों को भी ऐसा ही महसूस होगा।

हमें यह पता है कि परिवार की भागीदारी इतनी महत्वपूर्ण होती है, इसलिए कभी-कभी हम बहुत ज़्यादा उम्मीद करने लगते हैं। हम परिवारों से अपनी नीतियों और प्रक्रियाओं पर टिप्पणियाँ देने के लिए या हमारे कार्यक्रम में नियमित रूप से योगदान देने के लिए आग्रह करते हैं। इस तरह की प्रतिक्रिया और निवेश मूल्यवान तो होते हैं, लेकिन अगर हम सभी परिवारों से ऐसे औपचारिक तरीके से शामिल होने की उम्मीद करें, तो हमें निराशा भी हो सकती है। सफल संबंध सम्मान और समझ पर आधारित होते हैं। शामिल करने के लिए कई तरह के तरीके होते हैं और परिवारों को सबसे अच्छे तरीके से शामिल करने के लिए हमें सुनने और उसके बाद सीखने की जरूरत होती है।

हम परिवार के सदस्यों के साथ दिन-प्रतिदिन के संबंधों के माध्यम से ही सफल भागीदारी की नींव का निर्माण कर सकते हैं।

जब हम प्रत्येक बच्चे और उसके परिवार को व्यक्तिगत रूप से जानने में वास्तविक अभिरुचि दिखाते हैं, तभी हम अपनेपन और भागीदारी की भावना पैदा कर सकते हैं।

सकारात्मक संबंधों का निर्माण जुड़ाव की कड़ियों पर होता है।

आरंभिक बचपन के शिक्षकों के रूप में हमारे पास पहले से ही परिवार के प्रत्येक सदस्य के साथ संबंध स्थापित करने के लिए एक स्पष्ट कड़ी मौजूद होती है – उनका बच्चा।

वास्तविक संबंध बनाने के लिए हमें परिवारों के साथ अपने बच्चों के बारे में सार्थक बातचीत के लिए समय निकालने की ज़रूरत होती है।

जब परिवार अपने बच्चों को हमारी देखभाल में विश्वास के साथ सौंपते हैं, जो सबसे पहली बात जो वे जानना चाहते हैं, वह यह होती है कि हम अच्छी तरह से देखभाल कर सकते हैं और वे हम पर विश्वास कर सकते हैं – यानि कि उनके बच्चे हमारे पास सकुशल रहेंगे।

परिवार यह भी देखते हैं कि हम वास्तव में उनके बच्चे को अच्छी तरह से जानते हैं या नहीं; मतलब क्या हमें यह पता है कि वे क्या पसंद करते हैं और क्या नहीं; और क्या हमने उन्हें वैयक्तिक रूप से जानने के लिए समय लिया है।

परिवार यह भी देखते हैं कि उनके बच्चे में सर्वश्रेष्ठ बातों को उभारने में मदद देने के लिए हमारे पास आवश्यक कुशलताएं और ज्ञान है या नहीं।

जब हम परिवारों से बात करते हैं तो हर दिन कुशल-मंगल पूछने और फिर से मिलने की बात कहने से परे जाकर गहरे संबंध और आपसी समझ का निर्माण करना महत्वपूर्ण होता है। यह हमारे लिए एक अवसर होता है जब हम परिवारों को यह दिखा सकते हैं कि हम उनके बच्चे को जानते हैं और हमें यह पता है कि हम क्या कर रहे हैं।

अगर हमारी बातचीत सीमित रहे, उदाहरण के लिए "सारा का दिन आज अच्छा रहा" या "टोबी को रेत में खेलने में बहुत मज़ा आया", तो परिवारों की इस बारे में समझ भी बहुत सीमित रहती है कि हम वास्तव में क्या करते हैं। जब हम बच्चों की अभिरुचियों और उनके शिक्षण के बारे में गहराई से बातचीत करने के लिए समय लेते हैं, तो परिवारों को अपने बच्चे के बिताए गए दिन में और शिक्षकों के रूप में हमारी भूमिका के महत्व में एक अंतर्दृष्टि मिल पाती है।

संबंध जटिल होते हैं। यदि हम किसी परिवार के साथ बनाए गए एक चुनौतीपूर्ण संबंध के बारे में सोचें, तो यह हमें बस सकारात्मक संबंधों के निर्माण के महत्व की याद दिलाता है।

जब हम बच्चों की शिक्षा को समर्थन देने के लिए भागीदारी में एक-साथ काम करते हैं, तो परिवारों के साथ संबंध मूल्यवान और संतोषजनक बन पाते हैं। परिवारों के साथ बात करने और उनके बच्चे के बारे में जानकारी बाँटने के अवसरों की खोज करने से हम भरोंसेमंद संबंध बना सकते हैं जोकि बच्चों और परिवारों को अपनेपन की भावना दे सकता है।

यदि हम वास्तव में बच्चों के साथ अपने काम को अच्छा बनाना चाहते हैं, तो परिवारों के साथ भागीदारी करना वैकल्पिक नहीं रह जाता है। परिवारों के साथ संबंधों का निर्माण करने के लिए समय निकालना अनिवार्य होता है।

संबंध बनाना

कभी-कभी सबसे सरल बातें ही सबसे बड़ा अंतर लाती हैं।

- **जब आप हेलो कहें, तो दिल से सच्चाई के साथ कहें –** कुशल-मंगल पूछना महत्वपूर्ण होता है। अगर आपने बीस बार भी हेलो कह दिया हो, तो भी अगली बार हेलो ऐसे तरीके से कहें मानों यह पहली बार हो। आप जिससे भी बात कर रहे हैं, वह इसकी सराहना करेगा।
- **लोगों के नाम याद रखें –** जब आप किसी के साथ बात करते समय उसके नाम का प्रयोग करते हैं, तो तुरंत एक संबंध बन जाता है और यह उस व्यक्ति में आपकी अभिरुचि को दर्शाता है।
- **पहला कदम आप लें –** परिवारों के आप तक आने के लिए प्रतीक्षा न करें। हेलो कहकर बातचीत शुरू करने में आगे रहने से दूसरे व्यक्ति को सहजता का अनुभव होता है - विशेषकर यदि वह शर्मीला या चिंतित महसूस कर रहा हो।
- **बच्चे के दिन के बारे में कुछ वास्तविक बातें बाँटें –** परिवार के सदस्यों के साथ बातचीत करने में बच्चे के दिन के बारे में कुछ वास्तविक बातें बाँटें। केवल यही नहीं, उदाहरण के लिए - उनका दिन "अच्छा रहा" - लेकिन कुछ ऐसी बात जिससे यह पता चले कि आप उनके बच्चे की गतिविधियों में अभिरुचि रखते हैं। परिवारों के लिए यह महसूस करना काफी आगे तक जाता है कि आप सच्चे दिल से उनके बच्चे की परवाह करते हैं और उसमें अभिरुचि रखते हैं।
- **सुनने और बात करने के लिए तैयार रहें –** जब हम परिवारों के विचारों और राय के प्रति अपना सम्मान दर्शाते हैं, तो वे शिक्षकों के रूप में हमें और भी अधिक आदर और मूल्य देते हैं। वास्तविक संबंध लेने और देने के बारे में होते हैं – बजाय इसके कि एक पक्ष बस बोलता रहे और दूसरा पक्ष बस सुनता रहे।
- **अपने आप को किसी अन्य के स्थान पर रख कर देखें –** दूसरों को आँकना आसान हो सकता है। लेकिन ऐसा करने से पहले आप बस एक पल के लिए यह कल्पना करें कि आप दूसरे व्यक्ति के स्थान पर हैं। यह सोचें कि ऐसी परिस्थिति में आपको कैसा महसूस होगा। परिवार अपने बच्चों के लिए बस सबसे अच्छी कोशिश करने का प्रयास करते हैं। इस बारे में सोचें कि आप उन्हें इस प्रयास में कैसे मदद दे सकते हैं?

माता-पिता का दृष्टिकोण

“आरंभिक बचपन के एक शिक्षक के रूप में मैं हमेशा यह सोचा करती थी कि मैं जिन परिवारों के साथ काम करती हूँ, उनके साथ मेरे संबंध अच्छे बने हुए हैं। अभी भी मेरे संबंध अच्छे हैं, पर स्वयं एक माता बनने के बाद माता-पिता और शिक्षकों के बीच संबंधों के अर्थ और महत्व के प्रति मेरा दृष्टिकोण बदल गया है।

एक माता के रूप में मैं यह जानना चाहती हूँ कि मेरे बच्चे की देखभाल की जा रही है – कोई उसके कुशल-मंगल की परवाह करता है, जब वह निराश हो तो कोई उसे साँत्वना दे सकता है, और जब वह कुछ नया खोजे या किसी चीज को पहली बार करे, तो कोई उसके जोश को बाँट सके।

एक माता के रूप में कमरे के अंदर प्रवेश करने पर मुझे अपने स्वागत की इच्छा होती है – मैं चाहती हूँ कि कोई मुझे देखकर मुस्कराए और मुझे और मेरे बच्चे को हेलो बोले। मैं खुद इस स्थिति से गुज़र चुकी हूँ, इसलिए मुझे पता है कि यह बहुत ही व्यस्त हो सकता है। लेकिन मैं अब यह जानती हूँ कि इसका क्या मतलब होता है जब कोई दूसरा व्यक्ति मुझे अपने बच्चे के दिन के बारे में कुछ सार्थक बताने और उसे “समझ पाने” के लिए समय निकाले, यानि कि उसे यह पता हो कि मेरा बच्चा क्या पसंद करता है और क्या नहीं, वह किस चीज में अच्छा है और किस में नहीं, वह क्या खाएगा और क्या नहीं – वे सभी छोटी-छोटी चीजें जो उसके व्यक्तित्व को ढालती हैं।

और आखिर में मैं ऐसा महसूस करना चाहती हूँ कि आप उसके बारे परवाह करते हैं – हम साथ-साथ में उसके भविष्य के बारे में सोच रहे हैं और उसे वहाँ पहुँच पाने के लिए मदद दे रहे हैं। और मैं जानती हूँ कि यह आपके लिए कहीं ज़्यादा मुश्किल है क्योंकि आपको बहुत सारे बच्चों के बारे में सोचना होता है और मुझे बस एक ही के बारे में। लेकिन आप जब हर रोज की ऐसी छोटी-छोटी चीजें मुझे दिखाती हैं कि आप देखभाल कर रहे हैं, और इस सब-कुछ के बीच भी आप मेरे बच्चे और मेरे और मेरे परिवार के बारे में सोचते हैं, तो यह जानकर बहुत अच्छा लगता है कि हम सब एक-साथ में काम कर रहे हैं।”

MAN
OF THE
MATCH

a time to be
TOGETHER